## किसान संघ ने तहसील मुख्यालयों पर किया धरना प्रदर्शन

# सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर गरजे किसान

जबलपुर।

भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत जिले की सातों तहसीलों में किसानों में बड़ा आक्रोश देखने मिला। खाद की कमी, नकली बीज, बिजली कटौती, उपार्जन में लापरवाही, धान, गेहूं, मूंग उड़द के रुके भुगतान को लेकर किसानों ने प्रशासन व सरकार को जमकर कोसा। तहसील मुख्यालयों में पहुंचे सैकड़ों किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन पत्र प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपे और किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की बात कही।

उज्जैन में सिंहस्थ के नाम पर किसानों की जमीन छीनने वाले लैंड पुलिंग एक्ट के खिलाफ भी किसानों ने जमकर नारे लगाए। जिला सह मंत्री सुनील पटेल ने कहा कि जिस प्रकार से उज्जैन में लैंड पुलिंग एक्ट में किसानों की जमीन छीनी जा रही है। देर सवेर गुजरात महाराष्ट्र की तर्ज पर सरकार हाइवे के दोनों ओर एक किलोमीटर तक किसानों की जमीन बिना मुआवजा दिए अधिगृहित कर सकती है। जमीन किसानों की पीढ़ियों की विरासत है इसलिए किसानों की जमीन छीनने वाले लैंड पुलिंग एक्ट को सरकार को तत्काल वापिस लेना चाहिए। किसान हर कीमत पर अपनी जमीन को बचाने संघर्ष करेगा।



### गेहूं 2700 व धान 3100 रुपए में खरीदी हो

शहपुरा के किसान वीरेंद्र साहू व पाटन के रामकृष्ण सोनी ने सरकार से चुनावी घोषणा पत्र के वायदे पूरे करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार गेहूं 2700 व धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदी प्रारंभ करे। बेलखेड़ा के किसान दामोदर पटेल ने धान गेहूं, मूंग, उड़द के रुके भुगतान तत्काल करने की मांग की।

### भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही हो

तहसील मुख्यालयों में हुए किसानों के प्रदर्शन में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर किसानों में तीव्र आक्रोश देखने मिला। एमएलटी वेयर हाउस में मूंग खरीदी की जांच में किसानों ने बड़े अधिकारियों को बचाने का आरोप लगाया। किसानों ने जिले में तीन साल से अधिक समय से जमे कृषि अधिकारियों को जिले से स्थानांतरित करने की भी मांग की।

### प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में यह है मांगे

अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में किसानों ने केंद्र सरकार से कृषि आदान सामग्री पर जीएसटी शून्य करने, कृषि आयात निर्यात नीति किसान हितैषी बनाने, जीएम फसलों को अनुमति नहीं देने, एमएसपी पर वर्ष भर खरीदी सुनिश्चित हो, भूमि अधिग्रहण कानून सभी राज्यों में एक समान करने, कृषि डीजल जीएसटी के दायरे में करने, किसान सम्मान निधि बढ़ाने, फसल बीमा में सैटेलाइट सर्वे अमान्य, केसीसी लोन की लिमिट पांच लाख करने जैसी सत्रह मांगे किसानों ने ज्ञापन में की हैं।

### ये रहे उपस्थित

तहसीलों में हुए धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से मंझोली तहसील अध्यक्ष वीरेंद पटेल, मोहन तिवारी, दिनेश पटेल, धनंजय पटेल, मुन्नालाल अग्रवाल, गणेश तिवारी, जितेंद्र पटेल, आलोक पटेल, राजकुमार पटेल, रामदास पटेल, दिनेश पटेल, शरद भूर्रक, धरम पटेल, राजेश पटेल जी ,हरिशंकर पटेल, महेंद्र पटेल, देवेंद्र शर्मा, मुन्ना भैया आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## कॉलेज परिसर में प्राणघातक हमला, 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

थाना ओमती क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज केम्स में मंगलवार दोपहर छात्रों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक विधि विवादित बालक भी शामिल है। घटना में प्रयुक्त बेसबॉल का डंडा, पत्थर और लोहे का कड़ा पुलिस ने बरामद किया। जानकारी के अनुसार, 9 सितम्बर को सार्थक चौधरी (19), निवासी कांचघर शीतला माई तेल मिल के पास, अपने कॉलेज में मौजूद था। इसी दौरान सेकेंड ईयर के छात्र अभिनव सिंह परिहार, उत्कर्ष मिश्रा और एक अन्य युवक मादक पदार्थ का सेवन कर रहे थे। मना करने पर उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद अभिषेक पांडे अपने साथियों उत्कर्ष मिश्रा, अभिनव सिंह, आकाश खरे, जतिन कनोजिया, हर्ष कनोजिया, यश कनोजिया और एक अन्य के साथ पहुंचा और सार्थक तथा उसके साथियों पर जानलेवा हमला कर दिया। बेसबॉल डंडे और पंच से वार किए गए, जिससे सार्थक सहित पृथ्वीराज पहुचा दी और मयंक विनोदिया घायल हो गए। थाना ओमती में अपराध क्रमांक 460/2025 धारा 296, 109, 191(2), 191(3), 190, 351(2), 126(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

**एक विधि विवादित बालक सहित, बेसबॉल का डंडा और पत्थर जप्त**

पुलिस ने अभिषेक पांडे (25), उत्कर्ष मिश्रा (18), अभिनव सिंह (19), यश कनोजिया (19) और एक विधि विवादित बालक को गिरफ्तार किया। चारों युवकों को न्यायालय के समक्ष पेश कर केन्द्रीय जेल भेजा गया, जबकि बालक को किशोर न्याय बोर्ड के आदेश पर सुधार गृह भेजा गया।

## यह वर्ष उपलब्धियों के लिए स्वर्णिम वर्ष काल माना जायेगा : महापौर

**महापौर, निगमायुक्त के नगर आगमन पर स्वागत**



जबलपुर।

राजधानी दिल्ली में आयोजित स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में नगर निगम जबलपुर को एक बड़ी और ऐतिहासिक सफलता मिली, जिसके कारण देश के मानचित्र पर जबलपुर का नाम गौरवांवित हो रहा है तथा देश के बेहतरीन शहरों में शामिल हुआ है। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव एवं स्वच्छता सेल के संभव अयाची ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 के प्रतियोगिता में भारत सरकार द्वारा दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में नगर निगम जबलपुर को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इस उपलब्धि से उत्साहित होकर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के नगर आगमन पर डुमना एयरपोर्ट पहुंचकर शहर के गणमान्यजनों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्नेहीजनों ने भव्य स्वागत किया।

महापौर ने कहा विगत 3 महिनों में नगर निगम जबलपुर को स्वच्छता में देश में पाँचवाँ स्थान मिलने के बाद अब स्वच्छ वायु सर्वेक्षण प्रतियोगिता में भी देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जो एक गौरव की बात है।

## साइबर अपराध से निपटने को जुटेंगे युवा दिमाग


### जेईसी में होगा नेशनल साइबर शील्ड हैकाथोन 2025 का आयोजन

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश पुलिस, राज्य साइबर मुख्यालय के तत्वावधान में भारतीय स्टेट बैंक और क्लियरट्रेल टेक्नोलॉजीज की साझेदारी से नेशनल साइबर शील्ड हैकाथोन 2025 का आयोजन 11 सितम्बर को जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य साइबर अपराधों से निपटने के लिए तकनीकी समाधान खोजने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रतिभागी छात्र-छात्राएँ दिए गए प्रॉब्लम स्टेटमेंट्स पर आधारित सॉफ्टवेयर, एप्लिकेशन और तकनीकी प्रोटोटाइप विकसित करेंगे।

### इन मुद्दों पर होगा फोकस

हैकाथोन में अवैध ऑनलाइन नशे के कारोबार, डिजिटल माध्यम से झूठी बम धमकी, इंटरनेट प्रोटोकॉल डाटा ट्रेसिंग, डिजिटल मनी लॉन्ड्रिंग, फर्जी बैंकिंग एपीके, बैंक फ्रॉड ट्रांजेक्शन की रियल टाइम पहचान और सोशल मीडिया पर साइबर चुनौतियों जैसे मुद्दों पर सॉल्यूशन तैयार किए जाएंगे।




### देशभर से आएंगी टीमें

जबलपुर के प्रमुख तकनीकी संस्थानों सहित दिल्ली, भोपाल, कोयंबटूर और तमिलनाडु से कुल 10 टीमें भाग लेंगी। इससे पहले 9 सितम्बर को इंदौर और 10 सितम्बर को भोपाल के मानिट में भी साइबरशील्ड हैकाथोन का आयोजन किया गया है।

### पुरस्कार और अवसर

मध्य प्रदेश पुलिस की ओर से विजेता टीम को नगद राशि दी जाएगी। तीनों शहरों में से सर्वश्रेष्ठ समाधान देने वाली टीम को अतिरिक्त पुरस्कार मिलेगा। क्लियरट्रेल टेक्नोलॉजीज़ प्रा. लि. द्वारा प्लेसमेंट का अवसर भी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को पुलिस की ओर से प्रशस्ति पत्र और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

### शुभारंभ और समापन

हैकाथोन का शुभारंभ पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह करेंगे। समापन और पुरस्कार वितरण पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा द्वारा किया जाएगा।



## आवारा श्वान बने शहर की बड़ी समस्या

**जबलपुर।** शहर में आवारा श्वानों की संख्या लगातार बढ़ने से लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं। आए दिन श्वानों के हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे नागरिकों में भय का माहौल है। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान में श्वानों का ब्रीडिंग सीजन चल रहा है और इसी वजह से वे और ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं। हाल ही में सिवनी में आवारा श्वानों के झुंड ने एक मासूम बच्ची को नोचकर मौत के घाट उतार दिया था, जिसके बाद जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि आवारा श्वानों की समस्या पर अब त्वरित और ठोस कदम उठाए जाएंगे। शहर में जल्द ही बड़े पैमाने पर बधियाकरण और टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। इसके अलावा प्रमुख सड़कों और कॉलोनियों में विशेष दल तैनात किए जाएंगे, जो श्वानों की पहचान और नियंत्रण की कार्रवाई करेंगे। निगम का लक्ष्य है कि जबलपुर को इस दिशा में प्रदेश का मॉडल शहर बनाया जाए।

**ब्रीडिग सीजन में आक्रामक हो रहे श्वान**

सामाजिक संगठनों का कहना है कि अभियान को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखा जाए, बल्कि ताबड़तोड़ तरीके से चलाया जाए ताकि तेजी से परिणाम दिखें। साथ ही लोगों को भी इस मौसम में सतर्क रहने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों और बुजुर्गों को अकेले सुनसान इलाकों में न जाने दें और घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें ताकि श्वानों के झुंड वहां जमा न हो सकें।

नगर निगम का मानना है कि यदि नागरिक सहयोग करें और प्रशासनिक स्तर पर योजनाबद्ध कार्रवाई हो, तो शहर में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या पर जल्द नियंत्रण पाया जा सकता है।

## शहर के मुख्य मार्गों के परखच्चे उड़े

### नई नवेली सड़कें भी बारिश की भेंट चढ़ी

जबलपुर।

पिछले दिनों हुई बारिश के कारण शहर की ज्यादातर सड़कों के परखच्चे उड़ गये हैं। तेज बारिश के कारण जहां सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं वहीं नई नवेली सड़के भी बारिश की भेंट चढ़ गई हैं। गढ़ा, अंधेरदेव, मछरहाई, गंजीपुरा, अधारताल, राईट टाउन, व नेपियर टाउन में सड़के जर्जर हो गई हैं। ग्रीनसिटी, दीक्षितपुरा की सड़क के हाल भी अच्छे नहीं है। सीमेंट सड़कों पर चढ़ाई गई डामर की परते उधड़कर गड्ढो में तब्दील हो गई। घमापुर और बेलबाग की सड़कों के भी परखच्चे उड़ गए। यह सड़के हाल ही में तीन महीने पहले बनाई गई है। कमोबेश यही स्थिति सीवर लाईन के कारण बंदरिया तिराहे से गौरीघाट तक की सड़क की भी हो गई हैं। सड़के तेज वर्षा की भेंट चढ़ गई है। इन सड़कों पर जगह-जगह उभरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए हादसे का सबब बन रहे हैं। करोड़ों की लागत से बनी फोरलेन सड़कों के भी परखच्चे उड़ गये हैं। सड़क पर भारी वाहनों के दबाव के कारण हादसे की आशंका बढ़ गई है। इसी तरह शहर के पॉश क्षेत्रों में बनाई गई टू-लेन सड़कों में भी जगह-जगह गड्डों में रात के वक्त गिरकर राहगीर चोटिल हो रहे हैं। कांचघर चौक से तैयबअली पेट्रोल पंप तक बनी नई टू-लेन सड़क भी बारिश की मार झेल नहीं पाई। सड़क में डामल अलग होने से चारों ओर गिट्टी बिखर गई है। जो जानलेवा बन गए हैं। मुख्य मार्गो की कालोनियों से जोड़ने वाली लिंक रोड सड़कों की स्थिति भी वर्षाकाल में दयनीय है। संजीवनी नगर, विजय नगर, जयप्रकाश नगर, शक्तिनगर, शास्त्री नगर को जाने वाले पहुंच मार्ग भी जर्जर हो गए है। इन जर्जर मार्गो में ऐसी सड़कें भी शामिल है। जिन्हें ठेकेदारों ने वारंटी पीरियड के तहत बनाया है। यह सड़के 3 साल की गारंटी के बावजूद 6 माह भी नहीं चल पाई हैं। 10 दिन बाद नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ेगा। तब जर्जर सड़कों पर चलना किसी परेशानी से कम नहीं होगा।

## दर्जन भर बदमाशों ने 2 युवकों पर किया जानलेवा हमला

**जबलपुर,** । गढ़ा थानांतर्गत कल देर रात देवताल के समीप कार से उतरकर गुटखा ले रहे युवक से मोटरसाइकिलों पर आये एक दर्जन लड़कों ने गालीगलौज कर मारपीट की। इसके बाद आरोपी युवक को उसके साथी की कार में बैठाकर रामनगर ले गये। जहां उस पर किसी धारदार हथियार से हमला कर सिर व कान में चोटें पहुंचाई। तभी युवक के साथी के बीचबचाव करने पर हमलावरों ने उसके साथी के साथ डंडे से मारपीट कर कार में तोड़फोड़ कर दी। गढ़ा पुलिस ने बताया कि तिलवारा निवासी यूमन सिंह दाहिया कल अपने साथी आशीष लोधी के साथ कार से रामपुर गया था। जहां से रात 11 बजे लौटते समय देवताल स्थित सी रॉक होटल के पास गुटखा लेने लगा। तभी एक दर्जन लड़के हाथों में चाकू व हथियार लेकर आये और गाली गलौज कर बोले इसे मारो। आरोपी एक दूसरे के नाम दीपू, डबलू, बम्बू, रोहित टकलू, शाकाल, तरुण, विशाल, शुक्का, छिंगा, राजा ले रहे थे। आरोपी बोले वहां से चलो भीड़ ज्यादा है तो बम्बू, शाकाल, रोहित, टकलू कार में बैठ गये। कार दीपू चला रहा था। उनके कुछ साथी पीछे मोटरसाइकिलों में चल रहे थे। सभी लोग रामनगर देवताल पहुंचे। दीपू बोला मार इसे आज यहीं खत्म कर दें। बम्बू, रोहित व टकलू ने किसी हथियार से हमला कर यूमन सिंह के सिर व कान में चोटें पहुंचाई। तभी बीचबचाव करने आये आशीष लोधी के साथ भी हमलावरों ने डंडे से मारपीट की और कार में तोड़फोड़ कर भाग गये।

### -हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक गैंग का था सक्रिय सदस्य, पिस्टल-कार भी जब्त

# 40 हजार का इनामी पप्पू उर्फ अकील गिरफ्तार

**हरिभूमि, जबलपुर। शहर की कुख्यात अब्दुल रज्जाक गैंग पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इसी क्रम में हनुमानताल थाना क्षेत्र का फरार शातिर बदमाश 45 वर्षीय पप्पू उर्फ अकील पिता नब्बू खलीफा निवासी बड़ी मदार टेकरी, पुलिस की गिरफ्त में आ गया। आरोपी पर 40 हजार रुपये का इनाम घोषित था।**

गौरतलब है कि अकील के खिलाफ थाना हनुमानताल के अपराध क्रमांक 27/22 में धारा 308, 365, 294, 452, 342, 506, 120-बी, 34 भादवि एवं 25/27 आर्म्स एक्ट दर्ज है। इसके अलावा थाना गढ़ा के अपराध क्रमांक 120/24 में धारा 458, 409, 420, 384, 386, 323, 294, 506, 147, 148, 149, 120-बी भादवि के गंभीर प्रकरण भी लंबित हैं। इन दोनों मामलों में उसकी गिरफ्तारी या सुराग देने वाले को पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा दस-दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

### दरगाह के बाहर दबोचा गया आरोपी

पुलिस लंबे समय से अकील की तलाश में दबिश दे रही थी, लेकिन वह हर बार बच निकलता था। इस बीच विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि वह कचहरी वाले बाबा की दरगाह के बाहर मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी से शिफ्ट कार एमपी 20 सीई 0999, एक पिस्टल और कारतूस भी बरामद किए। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद केन्द्रीय जेल भेज दिया गया है।



### रज्जाक गैंग पर लगातार कार्रवाई जारी

उल्लेखनीय है कि 10 जुलाई 2025 के बाद से जबलपुर पुलिस अब्दुल रज्जाक गैंग के कई सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस गैंग पर हत्या, लूट, रंगदारी और अवैध हथियारों के कारोबार जैसे संगीन अपराधों में शामिल रहने के आरोप हैं। पुलिस की लगातार कार्रवाई से गैंग की रीढ़ टूटती नजर आ रही है।

### इनकी भूमिका रही सराहनीय

इस गिरफ्तारी में सीएसपी ओमती सोनू कुमी के निर्देशन में टीआई ओमती राजपाल बघेल, एसआई शैलेन्द्र सिंह, एएसआई नारायण पटेल, हवलदार रामजी पांडेय और सिपाही संतोष तेकाम की अहम भूमिका रही।

## नगर पालिका के सम्पत्ति कर बढ़ाने से लोगों में आक्रोश

# गलती विभाग की खामियाजा भुगत रहा आम करदाता, जनप्रतिनिधि मौन बने

हरिभूमि सिहोरा।

सिहोरा नगर पालिका द्वारा लोगों से वसूल किए जा रहे संपत्तिकर में भारी गड़बड़ी सामने आ रही है। लोगों की शिकायतों के बाद भी नगर पालिका के राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। इससे आम लोगों में नगर पालिका के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार जिन संपत्तिधारको का वार्षिक कर 2000-2500 रु तक था अचानक 1500 तक बढ़ाकर 4000 रू तक कर दिया। कचरा संग्रहण रोड नाली प्रकाश व्यवस्था के नाम पर भारी टैक्स तो नगर पालिका वसुल रही है लेकिन बुनियादी सुविधाएं नदारद है जिसके कारण करदाता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। नगर पालिका के राजस्व अमले का कहना है कि नगर पालिका अधिनियम की धारा 127-6 के अनुसार ई नगर पालिका पोर्टल से 5 प्रतिशत संपत्ति कर आरोपित किया गया है। जिसके कारण सभी करदाताओं का कर इस वर्ष बढ़ कर आया है। समेकित कर नगर विकास उपकार शिक्षा उपकर कचरा संग्रह सहित संपत्ति कर मूल्य 4800 से अधिक होने पर कर की प्रभावशीलता 4800 से 20000 तक 6 प्रतिशत 20000 से 50000 तक 8 प्रतिशत एवं 50000 से अधिक होने पर 10% संपत्ति कर देय होगा।




### 11767 संपति दर्ज

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद सिहोरा के 18 वार्ड में 11767 संपति दर्ज है। लेकिन संपति कर बढाये जाने के संदर्भ में परिषद ने कब प्रस्ताव पास किया इसकी जानकारी ना तो परिषद को है ना ही जनता द्वारा चुने गए जन प्रतिनिधियों को।

### गलती विभाग की, भटक रहे करदाता

नगर के वार्डों में आज से कई साल पहले जीआईएस सर्वे के आधार पर लोगों के घरों का क्षेत्रफल निकाला था।इसी आधार पर संपत्तिकर का डिमांड नोट जारी किया जा रहा है, लेकिन इस सर्वे में कई ऐसे लोगों के घरों का क्षेत्रफल जिनके मकान दो या तीन मंजिला है, उनका क्षेत्रफल तीनों मंजिल का एक जैसा दर्शाया गया है। इस कारण से संपत्तिकर भी ज्यादा वसूला जा रहा है।

### अधिकारी एंव वार्ड पार्षद नहीं दे रहे ध्यान

इस मामले में गलती नगर निगम के राजस्व विभाग की है लेकिन इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं विभागीय सूत्रों का कहना है कि एक बार नपा की वेबसाइट हैक हुई थी उसके बाद से हर संपति का कर पोर्टल ज़्यादा बता रहा है। वार्ड के पार्षदों के साथ साथ अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं एंव मैदानी अमला निकाय की आय बढ़ाने जबरदस्ती करदाता को डिमांड नोट थमा कर लोक अदालत भिजवाने की धमकी दे रहे हैं।

### इनका कहना है

▶▶ नगर पालिका का नियमित कर दाता हुं लेकिन व्यवस्था एंव सुविधाओ में कमी के बाबजूद नगर पालिका लगातार टैक्स बढ़ा रही है कचरा गाड़ीं कभी नहीं आती फिर भी डोर टू डोर कचरा संग्रहण का टैक्स जोड़ा गया है।

**लक्ष्मी प्रसाद तिवारी**, करदाता

▶▶ ई पोर्टल पर यदि कोई टैक्स बढ़ रहा है तो परिषद को उसे नगर एवं जनहित में संज्ञान में लेकर शासन से पत्राचार करना चाहिए। एवं नगर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए पुनर्विचार हेतु प्रस्ताव प्रेषित करना चाहिए। बगैर सूचित किया करारोपण करना उचित एवं न्याय संगत नहीं है।

**एडवोकेट रमेश पटेल**, करदाता

## किसानों की समस्याओं को लेकर उठाई कई अहम मांगें

# भारतीय किसान संघ मझौली ने सौंपा ज्ञापन




**मझौली।** भारतीय किसान संघ मझौली के प्रतिनिधिमंडल ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गईं। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मझौली तहसील को अनुविभाग घोषित करने की मांग की गई है, क्योंकि मझौली तहसील में लगभग 90 ग्राम पंचायतें शामिल हैं, जिससे यहां के प्रशासनिक दबाव को देखते हुए यह मांग की गई है। किसानों के रुके हुए भुगतान को शीघ्र जारी करने, लंबित प्रकरणों के निपटारे के लिए विशेष शिविर आयोजित करने, और 15 वर्षों से बंद पड़े मृदा परीक्षण भवन को चालू करने की भी मांग की गई। इसके अलावा, डबल लॉक व्यवस्था के अंतर्गत सभी सहकारी समितियों से खाद्य वितरण, धान खरीदी केंद्रों की अनुशंसा ग्राम पंचायतों के अनुसार करने, तथा कृषि कार्य में उपयोग होने वाले डीजल को जीएसटी से बाहर रखने जैसी जनहितकारी मांगें भी ज्ञापन में दर्ज की गईं। संघ ने यह भी मांग की कि सभी फसलों की खरीदी पूरे वर्ष समर्थन मूल्य पर की जाए, किसानों को नए स्थायी विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं, नहरों की मरम्मत कर समय पर पानी आपूर्ति की जाए, और खराब हो चुके ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदला जाए। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ मझौली के अनेक पदाधिकारी और किसान उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से पुष्पराज सिंह चंदेल, अटल बिहारी पटेल, वीरेंद्र पटेल, रंजीत पटेल, राजेंद्र झरिया, राजेश पटेल, अमित पटेल, संतोष सिंह, वीर सिंह, आशुतोष पटेल, यशवंत सिंह एवं होशियार सिंह आदि शामिल रहे।

## कृभकों ने किया सामूहिक चर्चा का आयोजन



**जबलपुर।** देश में यूरिया और डीएपी की बनाने वाली संस्था कृषक भारती (कृभको) के पदाधिकारियों द्वारा मप्र राज्य विपणन संघ के मण्डल कार्यालय में एक सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया। कृभको के एरिया प्रबंधक गौरव बिश्नोई ने इस दौरान कहा कि देश कृभको का गठन इफको की तर्ज पर किया गया था। यह पूर्ण रूपेण किसानों की संस्था है। यहां पर जो भी प्रोडक्ट बनते हैं वह किसानों के लिए समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि अब कृभको एथनाल पर काम करने जा रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विपणन के मंडल प्रबंधक हीरेन्द्र रघुवंशी ने वर्तमान में चल रही यूरिया संकट से मुक्ति सहित अनेक विषयों पर अपनी राय रखी। इस दौरान केंद्रीय सहकारिता विभाग के दिनेश सिंह व नरसिंहपुर, कटनी, मंडला, डिंडौरी सहित अनेक जिले के जिला प्रबंधक व कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिकायत का निराकरण करें बगैर ही पटवारी ने बंद करवा दी सीएम हेल्पलाइन

**बरेला।** शासन द्वारा आम जनता की शिकायतों की निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन की सुविधा दी गई है ताकि आम आदमी घर बैठे ही फोन के माध्यम से अपनी शिकायत उच्च कुछ अधिकारी तक पहुंच सके। किंतु कुछ प्रकरण में यह देखने में आ रहा है कि शिकायत का निराकरण करें बगैर ही अधिकारियों द्वारा हितग्राही को झांसे में लेकर जबरन शिकायत बंद करवा दी जाती हैं। इस संबंध में वार्ड नंबर 6 की निवासी रवि साहू ने बताया कि कि उन्होंने एक बिल्डर द्वारा आम रास्ता बंद किए जाने के संबंध में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की थी कि जिस संबंध में बरेला में पदस्थ पटवारी संतोष राय द्वारा शिकायत का निराकरण किए बगैर ही शिकायत बंद करवा दी। रवि साहू ने बताया कि उप तहसील कार्यालय में पटवारी द्वारा शिकायत क्रमांक मांगे जाने पर एवं फोन पर ओटीपी आने पर ओटीपी मांगने के पश्चात बगैर जानकारी दीजिए उनकी सी एम हेल्प लाइन की शिकायत बंद करवा दी जबकि उन्होंने तत्काल ही पटवारी से कहा कि आपने बगैर जानकारी दिए ही मेरी शिकायत बंद करवा दी है तथा उन्होंने इसके पश्चात पुनः सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर बताया कि पटवारी द्वारा शिकायत का निराकरण नहीं किया गया है तथा अभी तक खेती करने के लिए आम रास्ता नहीं खोला गया है जिसके कारण उनकेसहित अनेक किसान परेशान हैं। पटवारी द्वारा जबरन हेल्पलाइन बंद करवाना यह नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

## राष्ट्रीय एनीमिया मुक्त भारत व कृमि मुक्ति दिवस पर अंतर्विभागीय बैठक



**मझोली।** तहसील सभागार में तहसीलदार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम एवं आगामी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (23 सितंबर 2025) के सफल आयोजन हेतु अंतर्विभागीय कन्वर्जेन्स बैठक संपन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से बीएमओ, बीपीएम, एमआई, सेक्टर सुपरवाइजर, शिक्षा विभाग से बीईओ, बीआरसी, बीएसी, और महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि एनीमिया की दर मध्यप्रदेश में बच्चों व महिलाओं में 53% से 73% तक है, जिसे कम करने हेतु विभागीय समन्वय से आयरन अनुपूरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हर मंगलवार और शुक्रवार को आंगनवाड़ी केंद्रों में, स्कूलों में मंगलवार को, और महिलाओं को आशा कार्यकर्ता के माध्यम से साप्ताहिक रूप से आयरन की खुराक दी जा रही है। साथ ही, एनीमिया के एक प्रमुख कारण – पेट में कृमियों को समाप्त करने हेतु सितंबर माह में एलबेंडाजोल की गोली का सामूहिक वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के संचालन में एविडेंस एक्शन के तरुण तिवारी, सेक्टर एमओ डॉ. अनुपम बाथरे, तथा बीपीएम अमित चंद्रा का विशेष सहयोग रहा।

## सांदीपनि विद्यालय के बच्चों का एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन

**सिहोरा।** सांदीपनि पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय सिहोरा के बच्चों ने एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओ में शानदार प्रदर्शन किया है जिसके अंतर्गत मेडल की दृष्टि से 11 गोल्ड मेडल के साथ 16 बच्चों का चयन संभाग के लिए हुआ है। इसमें मिनी वर्ग बालिका में अमोली पटेल लॉन्ग जंप में प्रथम जूनियर वर्ग बालिका में रजनी रजक पैदल चाल में प्रथम,रीना लोधी 1500 मीटर में द्वितीय,शिल्पा लोधी 3000 मीटर में द्वितीय,दुर्गा लोधी ट्रिपल जंप में द्वितीय स्थान पर रहीं इसी तरह सीनियर वर्ग बालक बालिका में हनी रजक 3000 मीटर में प्रथम, राजदीप बंशकार 100 मीटर में प्रथम, विक्रम सिंह ठाकुर भाला फेक में प्रथम, अनुराग पटेल 1500 मीटर में द्वितीय,दुर्गा पटेल 800 मीटर में प्रथम, रीता लोधी 800 मीटर में द्वितीय, शिखा लोधी 3000 मीटर में द्वितीय, मोनिका खंगार 1500 मीटर में द्वितीय,माधुरी लोधी भाला फेंक में द्वितीय,पूजा गड़ारी-भाला फेंक में प्रथम,सृष्टि पटेल तवा फेंक में तृतीय रहीं यह उपलब्धि अशोक कुमार राय खेल शिक्षक के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने प्राप्त की है।विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय ने सभी बच्चों को बधाई दी है।

## अंतस संस्था के वार्षिक उत्सव पर सजी गीत-संगीत की महफिल

# मनमोहक गीतों के साथ नृत्यों की प्रस्तुति

हरिभूमि जबलपुर।



अंतस साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था एवं शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के द्वारा अंतस संस्था का वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें रहस्य, रोमांच और कौतुहल भरी फिल्मों के गीतों की स्वर लहरियों से सजी अंतस गीतसंगीत की संगीतमयी संध्या एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम की संयोजना संस्थापक डॉ. अनिल कुमार कोरी ने की। अंतस की निदेशक विनीता पैगवार विधि के मार्गदर्शन में श्रीमती सरोज संतोषी, राजेश तिवारी एवं संदीप बनोधा ने कार्यक्रम को नव्यतम स्वरूप प्रदान किया। मंचमणी राजेश पाठक प्रवीण, डॉ. श्रीमती मंजू गोरे, अमित परनामी के प्रभावी संचालन से प्रेक्षागृह श्रोताओं की तालियों से गुंजायमान रहा। संगीत का शानदार संयोजन दिनेश खड़ेतिया एवं उनके साथी कलाकारों ने किया।

इस आयोजन में डॉ. कृष्ण कुमार दुबे, इंजी(डॉ.)दुर्गेश ब्यौहार, श्रीमती अर्चना गोस्वामी, प्रो(डॉ.) आज्ञा मिश्रा, राजेन्द्र गोरे, सलिल तिवारी, कमलकान्त उपाध्याय, श्रीमती माया पांडे, प्रो. नेहा खरे, जगत राम शिवहरे, इंजी हर्ष श्रीवास्तव, श्रीमती संगीता ठाकुर, तुलसी राय, श्रीमती राधा थापा, मनोज शर्मा, राजा बेंज़, श्रीमती आयशा, श्रीमती निशा पैगवार, कुमारी अंकिता ठाकुर ने शानदार गीतों की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस आयोजन में मंथनश्री के संस्थापक संतोष नेमा, सुप्रभातम के संस्थापक आलोक पाठक एवं पाथेय सहित अनेकों संस्थाओं के संयोजक राजेश पाठक प्रवीण को अंतस साहित्य गौरव सम्मान, शिक्षाविद् अभय नायक एवं श्रीमती अनुकंपा नायक को अंतस संगीत गौरव सम्मान, प्रेरणा वारियर्स संस्था से सुश्री प्रीति नाग एवं गढ़ा व्यापारी संघ से दिनेश कुमार गरहटे को अंतस समाजसेवी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में नगर के साहित्यकारों की पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई।

इस बार के आयोजन की थीम 'रहस्य, रोमांच और कौतुहल भरी फिल्मों के नगमे' में श्रीमती आरती लोधी, श्रीमती सुनीता विश्वकर्मा एवं इनकी टीम के द्वारा नृत्य एवं भावाभिव्यक्ति से कार्यक्रम को और भी मनमोहक बना दिया।

इन फिल्मों में बीस साल बाद, महल, गुमनाम, वो कौन थी, कालीघटा, इंतकाम, झील के उस पार, राज, कृष्णा कॉटेज, नगीना, नागिन, मधुमती, मेरा साया, कर्तव्य, कर्ज़, नीलकमल, आवारा, यादों का मौसम, हीर रांझा, अनामिका, जुर्म, डरना जरूरी है, हावड़ा ब्रिज, जाल, पूनम की रात, कोहरा, डर आदि को शामिल किया गया ।

आयोजन में प्रो. एच. बी. पालन, विजय नेमा अनुज, सुभाष जैन शलभ, अर्चना मलैया, डॉ. मुकुल तिवारी, के. के. नायकर, अन्नूशाह, दीपचंद, रश्मि पाठक, आशुतोष तिवारी, दीपचंद विनोदिया, रेखा विनोदिया, राकेश पैगवार, डॉ. बी. एल. कोरी, शेखर तिलवानी, हरिओम हज़ारी, शशिकांत ओझा, मृगेंद्र नारायण सिंह, डॉ.शोभासिंह, अशोक कोरी, विजय भट्टाचार्य, अनामिका भट्टाचार्य की विशेष उपस्थिति रही।

### गीत जिनकी प्रस्तुति दी गई

कहीं दीप जले कहीं दिल, हम तुम्हे इतना प्यार करेंगे, नैना बरसे रिमझिम रिमझिम, गुमनाम है कोई, तुझको पुकारे मेरा प्यार, आएगा आ आएगा आने वाला, आजा रे मैं तो कब से खड़ी, तुम अगर सामने आ भी जाया करो, ये नयन डरे डरे, तू मेरे सामने मैं तेरे सामने, वादा रहा सनम होंगे जुदा न हम, छुपाना भी नहीं आता, आजकल याद कुछ और, क्या नज़ारे क्या सितारे, यारा सिली सिली बिरहा की रात, तेरे इश्क़ का मुझ पर, झूम ढलती रात, बडी मुश्किल है खोया मेरा दिल है, आप आये तो ख़याले दिल नाशाद, दिल तड़प तड़प के कह रहा है, हम काले हैं तो क्या हुआ दिलवाले, दिल में फिर आज तेरी याद का मौसम आया, राह बनी खुद मंजिल, आपके प्यार में हम संवरने लगे, ये दुनिया में महफिल, कैसे नैनों से नैन मिलाऊँ सजना, कितने दिनों के बाद है आई सजना रात मिलन की ।

## आटो चालक का मोबाईल और दोस्त का पर्स लूटा

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अतंर्गत जसूजा सिटी होटल के पास देर रात अज्ञात तीन लुटेरों ने एक आटो चालक व उसके दोस्त के साथ मारपीट कर मोबाइल व पर्स छीनकर ले गए। पर्स में आधार आई-डी, पेन कार्ड एवं नगद 1 हजार 800 रूपये रखे हुए है। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथीताल निवासी 35 वर्षीय ई रिक्शा चालक प्रेम ठाकुर गत दिवस सवारी छोड़कर अपने घर प्लेन रोड से धनवंतरीनगर तिराहा होकर वापस आ रहा था। जसूजा सिटी होटल के पास करीब रात्रि 11.15 बजे उसके आटो की बैटरी कम होने पर गाड़ी को धक्का देते हुए जसूजा होटल के पास खड़ी किया था, तभी अंधमुख वायपास की ओर से काले रंग की एक पुरानी पैशन बिना नम्बर मोटरसाईकिल पर तीन अज्ञात लड़के आए और उसके ई-रिक्शा के सामने अड़ा दिये तथा एक लम्बा दुबला-पतले लड़के ने उसे थप्पड़ मारा तथा दूसरे लड़के ने उसके बायें हाथ पर कटर से मारा तथा तीसरे लड़के ने भी बाँये हाथ में एवं चेहरे में बाँये तरफ कटर से मारा तथा ऑटो में रखा पुराना सेमसंग कम्पनी का मोबाइल ले लिया और ऑटो के स्टेयरिंग के पास से ले गये तथा साथी जसप्रीत के साथ भी मारपीट कर उसका पुराना नोकिया कम्पनी का मोबाइल जेब से निकालकर ले गये तथा उसका पर्स जिसमें आधार आई-डी ,पेन कार्ड एवं नगद 1800 रूपये रखे थे छीनकर भाग गए। अज्ञात लड़कों की उम्र करीब 20-23 वर्ष की होगी। पुलिस ने अज्ञात तीनों लड़कों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(6), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## डिलेवरी ब्वॉय की मोटर सायकिल लूटकर भागे लुटेरे

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत शास्त्रीनगर में कल देर रात भैरोमंदिर के पास बिना नंबर की बाईक में आए तीन अज्ञात बदमाश ने एक डिलेवरी ब्वॉय की गर्दन पर बका अड़ाकर उसकी बाईक छीन ली और सगड़ा की तरफ भाग गए। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदन कालोनी धनवंतरी नगर निवासी 20 वर्षीय ब्लिंकिट कंपनी का डिलेवरी ब्वॉय प्रशांत पटेल गत रात 11बजे धनवंतरी नगर ब्लिंकिट कम्पनी के आफिस से सामान लेकर मोटर सायकिल एमपी 49 एमआर 5206 से कौशल्या माई होम्स वैलकम होटल तिलवारा के पास सामान की डिलेवरी करने जा रहा था। रात 11.15 बजे शास्त्रीनगर के आगे भैरोमंदिर के पास पहुंचा तभी पीछे से बिना नम्बर की मोटर सायकिल पर 3 अज्ञात लडके आये और उसकी मोटर सायकल के सामने अपनी बाईक अड़ाकर उससे उसकी मोटर सायकिल छुड़ा लिये और उनमें से काली शर्ट और सिर पर लाल कपड़ा बांधे हुए एक लड़के ने उसकी गर्दन पर बका अड़ाकर उससे मोबाईल एवं रूपये की मांग करने लगा, प्रशांत डरकर पीछे भागा तो उसकी मोटर सायकिल छीनकर तीनों अज्ञात बदमाश सगड़ा की ओर भाग गये। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## रेलवे की मदद से बचाई गई एक अज्ञात व्यक्ति की जान

**जबलपुर।** रेलवे की त्वरित कार्रवाई से एक अज्ञात व्यक्ति की जान बचाई गई। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर गत दिवस लगभग 15:30 बजे प्लेटफार्म 1 के बाहर एक अज्ञात व्यक्ति को मिर्गी का दौरा पड़ने की सूचना मिली। डिप्टी एसएस ने तुरंत रेलवे अस्पताल से संपर्क किया, और डॉक्टर पल्लवी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने व्यक्ति को प्राथमिक उपचार प्रदान किया और 108 की मदद से सरकारी अस्पताल भेजा। इस दौरान आरपीएफ स्टाफ संदीप भी मौजूद थे। ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए रेलवे ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। आरपीएफ और जीआरपी की टीमें रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात हैं। रेलवे अस्पताल में भी मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। रेलवे की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से व्यक्ति की जान बचाई जा सकी।

## पेड़ पर फांसी पर लटका मिला युवक



**जबलपुर।** चरगवां थाना अतंर्गत एक खेत के पेड़ पर फांसी लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। चरगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चरगवां निवासी 25 वर्षीय कमल ठाकुर ने बुधवार की सुबह खेत में लगे नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायमकर मामला जांच में लिया है।

**श्री अतुल कुमार दुबे-** शारदा कॉलोनी शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री अतुल कुमार दुबे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरिन्दर कौर-** नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री पाल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सुरिन्दर कौर (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजेंद्र कुमार तिवारी-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री राजेंद्र कुमार तिवारी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कपूरा-** गोरखपुर महर्षि स्कूल के पास निवासी श्री गणेश की धर्मपत्नी श्रीमती कपूरा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री त्रिलोक चंद पगारिया-** गली नं. 6, सदर निवासी श्री त्रिलोक चंद पगारिया (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लेखराज राजपूत-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री लेखराज राजपूत (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरस्वती-** लालमाटी कछियाना द्वारका नगर निवासी श्री गजाधर प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती




सरस्वती (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकपूर कोरी-** तुलसी मोहल्ला बाई का बगीचा घमापु निवासी श्री राजकपूर कोरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा बाई-** गली नं. 22 सदर निवासी श्री छोटे लाल की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा बाई (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संदीप कुचबंधिया-** शीतलामाई कुचबंधिया मोहल्ला निवासी श्री मेहर सिंह कुचबंधिया के पुत्र श्री संदीप कुचबंधिया (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती संपत बाई पटेल-** यादव कॉलानी निवासी श्री वाल्मीक पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती संपत बाई पटेल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री देवी वर्मा-** गली नं. 4, बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री कैलाश कुमार वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी वर्मा (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

**खबर संक्षेप**

### खैरलाँजी थाना प्रभारी जुआ, सट्टा, बढ़ते अपराध व अवैध कामों पर लगाए रोक-विवेक

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत खैरलॉजी के सभा कक्ष में बुधवार को वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल और एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल की मौजूदगी में विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारियों की बैठक आहूत की गई। इस दौरान बैठक में विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने ग्रामों में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। वही ग्राम में होने वाली समस्याओं से विधायक श्री पटेल को अवगत कराया।

### फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मीसा बंदी लाभ लेने का आरोप, एसपी से शिकायत

**रीवा** जिले में एक व्यक्ति पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मीसा बंदी के तहत मिलने वाले सरकारी लाभ प्राप्त करने का गंभीर आरोप लगा है। शहर निवासी चंदन त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत में त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि संबंधित व्यक्ति ने पहले खुद को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताया और दावा किया कि उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन 1942 में भाग लिया था। हालांकि, उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में जन्मतिथि वर्ष 1939 दर्ज है। इस हिसाब से आंदोलन के समय उनकी उम्र केवल तीन से चार वर्ष की रही होगी, जो उनके दावे को संदेह के घेरे में लाता है। शिकायत में आगे कहा गया है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने का दावा खारिज होने के बाद, संबंधित ने मीसा बंदी होने की बात कही और इसके आधार पर शासन से लाभ प्राप्त किए। लेकिन जब शिकायतकर्ता ने आरटीआई और अन्य माध्यमों से मीसा बंदियों की आधिकारिक सूची की जांच कराई, तो उसमें भी संबंधित व्यक्ति का नाम उपलब्ध नहीं पाया गया। इतना ही नहीं, शिकायतकर्ता का कहना है कि उक्त व्यक्ति ने स्वयं को गोवा मुक्ति आंदोलन में भी सक्रिय बताया, लेकिन उस आंदोलन से जुड़े सरकारी अभिलेखों व सूची में भी उनका नाम दर्ज नहीं है। ऐसे में यह आशंका जताई जा रही है कि संबंधित ने विभिन्न आंदोलनों में भागीदारी का झूठा दावा कर सरकारी योजनाओं और सम्मान का दुरुपयोग किया है। चंदन त्रिपाठी द्वारा सौंपी गई शिकायत पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गहन जांच का आश्वासन दिया है। प्रारंभिक स्तर पर तथ्यों की पुष्टि व दस्तावेजों की वैधता की जांच की जाएगी। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो कानूनी कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### ट्रक की टक्कर ने बाइक सावर घायल

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम दहलवाडा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब मैं अपने गांव के मलखान पिता लेखराम कौश्रव के साथ उनकी मोटर साईकिल से ग्राम तिन्सरा गये हुये थें वापिस आते समय ग्राम कामती शनि मंदिर के पास एक ट्रक चालक द्वारा अपने ट्रक को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये सामने से टक्कर मार देने के घायल जिससे प्रार्थी सहित मलखान कौरव को चोटे आई तथा बाइक को क्षतित पहुंची। वही मलखान कौरव की स्थिति गंभीर होने के चलते रेफर किया गया था जहां पर जिला चिकित्सालय ले जाते समय मृत्यु होने पर पुलिस द्वारा आरोपी अ्रक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मोटर साईकिलों की आपस में हुई भिंडत

**गाडरवारा।** पलोटन गंज निवासी विपिन पिता हीरालाल कौरव उम्र 58 साल द्वारा बताया कि मैं बीते हुये दिवस अपने खेत खैरी कामती से अपनी मोटर साईकिल क्रमांक MP49MF7258 वापिस आ रहा था उसी दौरान आमगांव नाका के पास सामने से तेज गति व लापरवाही पूर्वम मोटर साईकिल क्रमांक MP49M5279 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी बाइक को चलाते हुये टक्कर मारकर चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

**छात्रा शिल्पा मरावी की पेटी में मिला खून के दाग युक्त कपड़ा**

# मौत के कारणों की हो जांच





*** 15 अगस्त को घटित एकलव्य आदर्श बालक छात्रावास सिंगपुर की घटना।**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/निवास**

बीते माह 15 अगस्त को निवास विकासखंड के सिंगपुर एकलव्य आदर्श छात्रावास में अध्ययनरत 10वीं की छात्रा शिल्पा मरावी 15 वर्ष का स्वास्थ्य खराब होने पश्चात हुई मौत पर छात्रावास प्रबंधन की घोर लापरवाही का एक और सच आया सामने। 8 सितंबर 2025 को मृतक छात्रा शिल्पा की माँ अपनी एक लड़की के साथ उक्त स्कूल गई, और शिल्पा के दैनिक उपयोग के सामान की पेटी घर लाकर जब खोला गया तो अंदर रखे वस्त्रों में लगे खून के धब्बे देखकर परिजनों के होश उड़ गये, पेटी में छात्रा की स्कूल ड्रेस के अलावा एक कपड़ेनुमा कैरी बैग जिसमें दोनों ओर खून के दाग लगे हैं वहीं इसके अंदर रखी चुनरी में भी एक दो जगह हल्के खून के निशान मिले हैं।

असमय मौत के मुँह में समाई शिल्पा की मौत से आहत माता पिता ने इस बात की जानकारी पत्रकार उदय सिंह चौधरी को बताई जिन्होंने पीड़ति माता पिता का सहयोग करते हुये उक्त कपड़ों को 09 सितंबर की शाम निवास थाना अधिकारी को सौप दिया है, अब जाँच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि आखिर मृतक छात्रा के कपड़ों में लगा खून कैसे और कब लगा और मौत कैसे हुई यह संदेह बना रहेगा, वहीं अगर जाँच अधिकारी दल मृत छात्रा के दैनिक उपयोग की चीजों को तत्काल अपने कब्जे में ले लेता तो समय पर घटना की असलियत सामने आ जाती।

उक्त संबंध में परिजनों द्वारा की गई शिल्पा की सहपाठी छात्राओं से बातचीत पर यह जानकारी मिली है कि 15 अगस्त के दिन शिल्पा के बताये अनुसार सुबह के समय शिल्पा की नाक से अचानक खून निकलने लगा, और फिर इसके बाद से वह बेहोशी की हालत में पहुँचने लगी थी।

लेकिन 15 अगस्त की तैयारियों में लगा पूरा स्टाफ़ इस घटना से अनभिज्ञ रहा, रूटीन स्वास्थ्य चेकअप नहीं होता था न ही युवा होती छात्र बच्चियों की शारीरिक स्वच्छता संबंध पर खान पान पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया।

ज्ञात हो कि उक्त छात्रा की मौत और अनेकों छात्राओं के बीमार होने की घटना घटित होने पर शासन/प्रशासन द्वारा दोनों अधीक्षकों को निलंबित और एक आउट शोर्स महिला स्वास्थ्य कर्मचारी की सेवा समाप्त की कार्रवाई की जा चुकी है।

वहीं उक्त गंभीर घटना होने पर प्राचार्य मोनिका रोहिल्ला के पति सतीश रोहिल्ला अपनी पत्नी की ओर से छात्रों के पालकों व प्रशासन के जिम्मेदार जाँच अधिकारियों के समक्ष न सिर्फ बयानी सफाई देता रहा, बल्कि प्राचार्य मोनिका की पदस्थापना समय से ही छात्रावास प्रबंधन व अध्ययनरत छात्रों के हित के लिये मिली शासकीय राशि का बंदरबांट करते हुये अनाप शनाप खरीदी भी किये जाने की पुष्ट जानकारी मिल रही है, जो शासन प्रशासन के लिये गंभीर जाँच का विषय है बावजूद इस व्यक्ति पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं कि गई है, वहीं घटना के दिन उक्त व्यक्ति अपने विरुद्ध माहौल बिगड़ते देख मौजूद प्रशासन के सामने से अपनी कार से फुर्र हो गया।

उक्त विषय को समझने निवास थाना इंचार्ज वर्षा पटेल को फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।




# अरे! इतनी भी क्या जल्दीथी 'सरकार'

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

जबकि इस समय देश व प्रदेश मे कहीं भी चुनाव भी नही होने वाले हैं और न ही किसी प्रकार की आचार संहिता लगने वाली है वही धार्मिक ग्रंथों के अनुसार पितृ पक्ष में सड़क या भूमि का भूमिपूजन करना सही नहीं माना जाता है। क्योंकि इस अवधि को पितरों के प्रति सम्मान दिखाने का समय माना जाता है और इन कार्यों को अशुभ माना जाता है।

हिंदू धर्म में पितृ पक्ष एक पवित्र और विशेष अवधि है, जो भाद्रपद मास की पूर्णिमा से आरंभ होकर अश्विन मास की अमावस्या तक कुल 16 दिनों तक चलता है। इसे पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए समर्पित माना जाता है। इस दौरान श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान जैसे कर्म अत्यंत महत्व रखते हैं। शास्त्रों में इसे अशुभ काल कहा गया है क्योंकि यह मृत्यु से जुड़े संस्कारों से संबंधित है, किन्तु यह सब जानते हुये भी पितृ पक्ष के तीसरे दिन 10 सितंबर को पवित्र नगरी अमरकंटक में कपिलधारा पहुँच मार्ग का लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने भूमि पूजन किया। जबकि पितृ पक्ष में सड़क (भूमि) का भूमिपूजन करना सही नहीं है क्योंकि यह एक ऐसा समय होता है जब नए निर्माण कार्य, व्यावसायिक गतिविधियाँ या बड़े उपक्रम शुरू नहीं किए जाते हैं, इसे अशुभ माना जाता है और इस दौरान पितरों के लिए तर्पण और श्राद्ध जैसे कार्यों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

### खुद मुख्यमंत्री महाकाल के भक्त

ज्ञात हो कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं धार्मिक नगरी उज्जैन से आते हैं तथा वे भगवान कृष्ण के परम भक्त हैं वही उनके मंत्री भी भक्ति भावना मे लीन रहने वाले नेता हैं इसके बाद भी पितृ पक्ष मे भूमिपूजन किया जाना समझ से परे है। अमरकंटक मे सड़क निर्माण के भूमिपूजन की तारीख को आगे भी बढ़ाया जा सकता था, यदि क्रेडिट लेने की बहुत जल्दी थी तो पितृ पक्ष के पहले भी भूमिपूजन किया जा सकता था, लेकिन धार्मिक कार्यों मे हिस्सा लेने वाले तथा धर्म जानकार जब ऐसे कार्य करेंगे तो नास्तिक की कोई बात ही नही।

### लोक निर्माण विभाग मंत्री ने किया भूमिपूजन

लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने अमरकंटक में 5.10 किलोमीटर लंबी कपिलधारा पहुँच मार्ग का भूमि पूजन कर कहा कि इस मार्ग का निर्माण 1018 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री सिंह ने कहा कि कपिलधारा पहुँच मार्ग का निर्माण होने से क्षेत्र में पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी तथा स्थानीय निवासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। उन्होने स्वयं स्वीकारते हुये कहा कि अमरकंटक एक पवित्र धार्मिक एवं पर्यटन नगरी है, जहाँ मां नर्मदा का उद्गम होता है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा विश्व की ऐसी अद्वितीय नदी हैं, जिनकी परिक्रमा की जाती है और जिनके दर्शन मात्र से पुण्य की प्राप्ति होती है। अमरकंटक, जो मां नर्मदा का उद्गम स्थल है, ऋषि-मुनियों और तपस्वियों की तपोभूमि रहा है। यहां अनगिनत संतों ने मां नर्मदा के चरणों में तपस्या कर जगत कल्याण में योगदान दिया।

### प्रभारी मंत्री ने भी किया संबोधित

मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह द्वारा अमरकंटक में कपिलधारा पहुँच मार्ग का भूमि पूजन किया गया है। यह निश्चित रूप से अमरकंटक के विकास की नई गाथा लिखेगी। ज्ञात हो कि मंत्री द्वय अमरकंटक सिर्फ भूमिपूजन के लिए ही पहुंचे थे जिसके बाद वे अन्य यात्रा की ओर निकल पड़े।

# घर में घुसकर रेप करने वाला 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**सतना। रामपुर बाघेलान पुलिस ने घर में घुसकर एक महिला के साथ रेप करने वाले फरार आरोपी अभिषेक उर्फ अन्नू तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक ने 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।**

### क्या है मामला

पीड़ित महिला ने 27 जून 2025 को रामपुर बाघेलान थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 13 मई की रात करीब 12:30 बजे आरोपी अभिषेक तिवारी उसके घर पहुंचा। महिला के पति घर पर नहीं थे। जब महिला ने दरवाजा नहीं खोला तो आरोपी ने दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। जब महिला ने शोर मचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी के नेतृत्व में एक टीम लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस टीम ने 9 सितंबर 2025 को हनुमानगंज,रामपुर बाघेलान से आरोपी अभिषेक उर्फ अन्नू तिवारी (26) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मनकहरी गांव का रहने वाला है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जिसके बाद उसे सतना केंद्रीय जेल भेज दिया गया है।

# नकली सोने के गहनों से 1.92 लाख का कंगन ले उड़ी महिला

**शहडोल।** शहर के हृदय स्थल गांधी चौक स्थित एक प्रतिष्ठित ज्वेलर्स की दुकान में धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ठगों ने अब ठगी का नया तरीका अपनाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में एक महिला नकली सोने के गहने लेकर दुकान पहुंची और उन्हें असली बताकर नए गहनों से बदलवा लिए। शुरुआती जांच में दुकानदार और कर्मचारियों को गहने असली लगे, लेकिन बाद में सच्चाई सामने आई तो ज्वेलर के होश उड़ गए।

### इस तरह हुई ठगी

पुलिस के अनुसार, महिला दुकान पर पहुंची और पुराने गहने दिखाते हुए उनके बदले नया कंगन पसंद किया। दुकान के कर्मचारी ने गहनों का वजन किया तो उनकी कीमत 1.62 लाख रुपये आंकी गई। महिला ने करीब 30 हजार रुपये नकद और जोड़े और कुल 1.92 लाख रुपये कीमत का नया कंगन ले उड़ी। दुकान बंद करने से पहले जब मालिक और कर्मचारियों ने महिला के दिए गहनों की दोबारा बारीकी से जांच की तो वे नकली निकले। इसके बाद दुकान संचालक सोमेंद्र गुप्ता को समझ आया कि वह बड़े पैमाने पर ठगी का शिकार हो गए हैं। महिला ने लेन-देन के दौरान अपना आधार कार्ड दुकान में जमा कराया था। जांच में वह सविता सिंह निवासी हापुड़, उत्तर प्रदेश बताई गई है। फिलहाल पुलिस ने महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज व दस्तावेजों के आधार पर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस की कार्रवाई

कोतवाली पुलिस का कहना है कि आरोपी महिला की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या महिला किसी बड़े गिरोह का हिस्सा है, क्योंकि इस तरह की वारदातें हाल के दिनों में अलग-अलग शहरों में देखने को मिली हैं। इस घटना के बाद शहडोल के सराफा व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। व्यापारी अब ज्यादा सतर्क रहने की बात कर रहे हैं। उनका कहना है कि नकली जेवरात से ठगी का यह तरीका बेहद खतरनाक है और अगर पुलिस ने सख्त कदम नहीं उठाए तो ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं।



| आरोप | मामला नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास खलौडी का। |
|---|---|

# छात्रावास वार्डन पर प्रताड़ना और धमकाने के आरोप

*** कर्मचारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला**






नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास खलौंडी एक बार फिर विवादों में घिर गया है। यहां पदस्थ वार्डन पूजा डोंगरे पर छात्रावास में पदस्थ रसोई और सफाई कर्मियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों ने अनुविभागीय दंडाधिकारी बिछिया को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वार्डन न केवल उन्हें लगातार प्रताड़ित करती हैं बल्कि सच बोलने पर नौकरी से निकालने और जान से मारने तक की धमकी देती हैं।

कर्मचारियों का आरोप है कि 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ग्रामीणों को कीड़े लगे गुड़ की चाय पिलाई गई थी। इस संबंध में 8 सितम्बर 2025 को डिप्टी कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, एपीसी, बीआरसी, जनशिक्षक और ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच की गई। जांच अधिकारियों द्वारा पूछे जाने पर रसोई और सफाई कर्मचारियों ने सच सामने रखा और साफ कहा कि कीड़े वाले गुड़ से बनी चाय वास्तव में वार्डन पूजा डोंगरे के निर्देश पर ही ग्रामीणों को पिलाई गई थी। कर्मचारियों के अनुसार, वार्डन ने पहले ही धमकाया था कि यदि किसी ने इस बारे में सच्चाई बताई तो उसकी नौकरी छीन ली जाएगी, इस डर से वे अब तक चुप थे।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वार्डन छात्रावास के लिए समय पर राशन, सब्जी, गैस सिलेंडर और साफ-सफाई की सामग्री उपलब्ध नहीं कराती हैं। जब कभी सामान लाती भी हैं तो बेहद कम मात्रा में, और कहती हैं कि पूरे महीने इसी से काम चलाना होगा। कर्मचारियों ने बताया कि छात्रावास 100 सीटर है लेकिन वर्तमान में करीब 60-65 बच्चियां रह रही हैं। इसके बावजूद एक-दो किलो सब्जी से पूरे सप्ताह खाना बनाने का दबाव बनाया जाता है। यहां तक कि कई बार वार्डन कर्मचारियों से कहती है कि वे अपने घर से राशन और सब्जियां लाकर बच्चियों को खिलाएं। कर्मचारियों ने जांच अधिकारियों के समक्ष यह तथ्य भी उजागर किया कि वार्डन ने उन्हें झूठ बोलने के लिए दबाव बनाया था। लेकिन इस बार उन्होंने सच का साथ दिया और जो वास्तविक स्थिति थी उसे सामने रखा। उनका कहना है कि सच्चाई उजागर करने के बाद वार्डन और उसके भाई ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। आरोप है कि दोनों ने जांच अधिकारियों के जाने के बाद रसोई और सफाई कर्मचारियों को डांटते हुए कहा कि आखिर सच क्यों बताया, जबकि उन्हें साफ निर्देश दिया गया था कि कीड़े वाले गुड़ की जगह साफ गुड़ से बनी चाय की बात करनी है।रसोई और सफाई कर्मियों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में वार्डन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि वार्डन के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए तो छात्रावास का माहौल बिगड़ता रहेगा और बच्चियों की पढ़ाई-लिखाई तथा स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ेगा। कर्मचारियों ने यह भी आशंका जताई है कि सच्चाई सामने लाने की वजह से उन्हें नुकसान पहुंचाया जा सकता है, इसलिए प्रशासन उन्हें सुरक्षा भी प्रदान करे।छात्रावास में पहले भी वार्डन के खिलाफ शिकायतें होती रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि छात्रावास की अव्यवस्था और बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता लंबे समय से सवालों के घेरे में है। अब कर्मचारियों द्वारा सीधे तौर पर धमकाने और प्रताड़ना के आरोप लगाए जाने से मामले ने गंभीर रूप ले लिया है। प्रशासनिक स्तर पर जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी, लेकिन फिलहाल यह मुद्दा स्थानीय स्तर पर चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।

# घर के पिछवाड़े मिला अचेत युवक, डॉक्टर ने किया मृत घोषित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया**

**हत्या या आत्म हत्या, पुलिस कर रही जांच**

परासिया के टेक मोहल्ला में एक युवक अचेत अवस्था में खुद के घर के पिछवाड़े मिला। जिसे परिजन अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह मामला हत्या का है, या आत्म हत्या का है, पुलिस जांच कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार परासिया वार्ड 4 टेक मोहल्ला में रहने वाला करीब 27 वर्षीय सारुफ खुद के घर के पिछवाड़े अचेत अवस्था में मिला। परिजन उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले गए। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर पुलिस को सूचना दिन। जिसके पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। परिजनों का कहना है, कि मृतक रात में घर से निकला था। सुबह करीब 6 बजे पड़ोसियों ने उन्हें घर के पीछे पड़ा होने का बताया, तो वे उसे लेकर अस्पताल गए। मृतक की शादी 3 साल पहले हुई। उसका 10 माह का बेटा है। मृतक के शरीर पर कुछ संदिग्ध निशान मिले हैं। हत्या या आत्म हत्या इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस मामले की गहन पड़ताल कर रही है।

# 19 वर्षीय युवती का शारीरिक शोषण कर गर्भवती बनाने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** एक 19 वर्षीय युवती को रुपयों का लालच देकर उसका शारीरिक शोषण करने और उसे गर्भवती बना देने के आरोप में पुलिस ने एक 54 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया हैं। पीड़ित युवती के पिता नहीं हैं, वह अपनी मॉ और छोटी बहन के साथ रहती हैं। आरोपी व्यक्ति ने उसके घर पर ही उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। जानकारी अनुसार वारासिवनी नगर के एक वार्ड में रहने वाली अविवाहित 19 वर्षीय युवती के पेट में दर्द होने पर उसके परिजन उसे चिकित्सालय में उपचार कराने के लिए ले गए। उपचार के दौरान पता चला कि युवती 2 माह की गर्भवती हैं। जिस पर युवती के परिजनों ने उससे पूछताछ की, तो उसने बताया कि लगभग 4-5 माह से उनके पड़ोस में रहने वाला 54 वर्षीय व्यक्ति भागचंद उर्फ किशोर मात्रे पिता महारुलाल मात्रे द्वारा उसे रुपये का लालच देकर उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा हैं। इस संबंध के चलते वह गर्भवती हो गई हैं।

**खबर संक्षेप**

## पैसा लेने के बाद बिल्डर मकान बनाने में कर रहा हीलाहवाली

**जबलपुर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में सोनपुर ईश्वरदास रोहाणी वार्ड निवासी विनय कुमार पिता श्रीनाथ ने बिल्डर मयंक राजपूत के विरुद्ध भवन निर्माण अनुबंध पत्र के आधार पर पूरा पैसा लेने के बावजूद मकान बनाने में हीलाहवाली, सस्ता मटेरियल लगाने एवं समय उपरांत भी मकान कार्य सही ढंग से नहीं करने की शिकायत सौंपी है। विनय कुमार ने कलेक्टर से निवेदन किया है कि बिल्डर मयंक राजपूत पर शीघ्र कार्यवाही कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाए। विनय ने बताया मयंक राजपूत पिता हरबरन सिंह राजपूत निवासी शुभम रेसीडेंसी तिलहरी जबलपुर से 18.04.2023 को मकान निर्माण का अनुबंध 22,50,000 में हुआ था तथा निर्माण कार्य की समयसीमा 12 माह तय थी, परंतु मयंक राजपूत ने आज तक भवन अनुबंध के आधार पर कोई भी कार्य सही ढंग से नहीं कराया।

## पेंशन कार्यालय बंद होने से पूर्व लंबित प्रकरणों का हो निराकरण

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर एसोसियेशन के कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष एचपी उरमलिया ने जबलपुर जिले के सभी आहरण, संवितरण अधिकारियों से मांग की है कि मध्यप्रदेश शासन वित्त मंत्रालय के द्वारा जिला में स्थापित पेंशनर कार्यालय को तत्काल प्रभाव से बंद किए जाने का निर्णय लिया जा चुका है। अतः 30 सितम्बर से पूर्व प्रत्येक विभाग प्रमुख लंबित प्रकरणों की समीक्षा करें तथा हर हाल में लंबित प्रकरणों का निराकरण करायें ताकि कोई भी पेंशनर पेंशन प्राप्त करने से वंचित न रह सके। संगठन के एचपी उरमलिया, शेषमणि पांडेय, गौरीशंकर, आरके श्रीवास्तव, एके शुक्ला, एसपी शुक्ला, सीएल दोहरे, बीएसपी गौर, एसके श्रीवास्तव, श्रवण कुमार श्रोती, उमेश हंस, केसी अवस्थी सहित अन्य ने त्वरित कार्यवाही की मांग की है।

## एड. आसिफ मंसूरी प्रदेश सचिव बने



**जबलपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की सहमति से तथा मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एड. शेख अलीम ने एड. आसिफ मंसूरी को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर विधायक लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, हाजी मुईन खान, एड. हाजी अयाज खान, फैजान कुरैशी, अशफाक आरिफ, दलवीर जस्सल, प्रिंस सलूजा, बलविंदर मान, मंजू पिल्ले, सुमन जैन, अतुल जोसफ, अशरफ मंसूरी, बहार अंसारी, ताहिर खोकर, रिजवान खान, शादाब खान, शफीक खान सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त किया है।

# नाम जप की नौका से होगा भवसागर पार

## पुरानी जगदम्बा कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा, व्यासपीठ से गूंजे सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रवचन

हरिभूमि, जबलपुर।

कलयुग रूपी भवसागर को पार करने का एकमात्र साधन भगवान का नाम जप और कीर्तन है। इस कलियुग में अन्य किसी साधन से मुक्ति संभव नहीं, केवल हरिनाम ही जीव को मोक्ष दिलाने वाला है। पुरानी जगदम्बा कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यासपीठ से प्रवचन करते हुए शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक कथावाचक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने यह उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वेद, पुराण, उपनिषद और शास्त्रों में भगवान के नाम स्मरण और कीर्तन की महिमा का विस्तार से उल्लेख है। नाम जप से जीव के सारे कष्ट दूर होते हैं और अंततः भगवत प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। श्रीमद्भागवत महापुराण से लेकर श्री राम चरित मानस तक सभी धर्मग्रंथ यही बताते हैं कि कलियुग में नाम ही कल्याण का एकमात्र साधन है। आचार्य शास्त्री ने कहा भवसागर में नाव के समान नामजप ही मनुष्य को उस पार ले जाता है। जो निरंतर भक्ति में लीन रहकर हरिनाम का जाप करता है, उसका जीवन सफल हो जाता है।



### भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

कथा से पूर्व आचार्य अमित उपाध्याय और संजय उपाध्याय ने विधि विधान से देवी-देवताओं का पूजन-अर्चन कराया। इसके बाद वातावरण भक्ति गीतों से गूंज उठा। शिवा विश्वकर्मा ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरे पंडाल में "हरे कृष्ण-हरे राम" की ध्वनि गूंजती रही और श्रद्धालु झूमते हुए कीर्तन में शामिल हुए।

### पितृपक्ष में विशेष आयोजन

स्व. वायके शर्मा की स्मृति में पितृपक्ष के अवसर पर आयोजित इस कथा में व्यासपीठ का पूजन सरला शर्मा और रश्मि शर्मा ने किया। आयोजन समिति ने बताया कि पितृपक्ष में कथा श्रवण और नामजप का विशेष महत्व बताया गया है। इसी भाव से इस कथा का आयोजन किया गया, ताकि समस्त पितरों को तृप्ति प्राप्त हो और समाज में भक्ति का संदेश पहुँचे।

### यह रहे उपस्थित

कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। सरला शर्मा, रश्मि शर्मा, शरद शर्मा, अभय शर्मा, प्रभव, शांतनु, शिवा विश्वकर्मा, शिवम, रिया, प्रिंसी सहित अन्य भक्तों ने श्रद्धा के साथ भाग लिया। वातावरण ऐसा था मानो हर कोई प्रभु की भक्ति में सराबोर होकर अपने जीवन को सार्थक बनाने का संकल्प कर रहा हो।



## शाखा व संस्था विस्तार हेतु मध्य प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी समाज सम्मानित

**जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में मध्य प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी समाज के प्रदेश अध्यक्ष शरद सरावगी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश प्रान्त को शाखा एवं सदस्यता विस्तार हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित होते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलेश नाहटा, प्रांतीय महामंत्री श्याम सुन्दर माहेश्वरी, जीतेन्द्र कनाडिया, डॉक्टर सीमा अग्रवाल, राजेश मित्तल, रंजन अग्रवाल. निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष विजय सकलेचा ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी है।

## सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के संगठन की बैठक जबलपुर में सम्पन्न

जबलपुर।

विगत दिवस पुलिस ऑफिसर्स मेस, छठवीं वाहिनी जबलपुर में महाकौशल, विंध्य, बुंदेलखंड एवं बघेलखंड के 26 जिलों के सेवानिवृत्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में श्री मनोहर सिंह वर्मा (IPS, से.नि.) को संगठन का अध्यक्ष सर्वसम्मति से चयनित किया गया। अन्य पदाधिकारियों का भी मनोनयन हुआ तथा विभिन्न प्रकोष्ठ गठित किए गए। अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री वर्मा ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के कल्याण, हित संरक्षण एवं समस्याओं के समाधान पर बल दिया। कार्यक्रम में स्वरुचि भोज एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति भी हुई। संगठन ने निश्चय किया कि भविष्य में ऐसी बैठकें प्रत्येक दो माह में विभिन्न जिलों में आयोजित की जाएंगी।



## विकासखंड स्तरीय परीक्षा में छात्रों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

जबलपुर।

जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मोगली बाल उत्सव परीक्षा का आयोजन आज दिनांक 10 सितंबर 2025 को जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस परीक्षा में विकासखंड स्तर पर शाला, जनशिक्षा केंद्र और जिला स्तर से चयनित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने बताया कि यह परीक्षा शासन के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जागरूकता और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। कक्षा 5 से 8 के कनिष्ठ वर्ग तथा कक्षा 9 से 12 के वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में हिस्सा लिया। विकासखंड जबलपुर के अंतर्गत पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाई स्कूल में आयोजित इस परीक्षा का

## शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने मोगली बाल उत्सव परीक्षा में दिखाया शानदार प्रदर्शन



निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डीपीसी योगेश शर्मा और विकासखंड शिक्षा अधिकारी सरिता तंतुवाय द्वारा किया गया।

परीक्षा के सफल संचालन में उपमा गुप्ता, राजेश तिवारी, आशीष श्रीवास्तव, केपी दुबे, डीसी अहिरवार, अजय रजक, रत्नेश मिश्रा, सीमा मिश्रा सहित सभी बीएसी, जनशिक्षकों और शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।



## मटका संगीत के जनक स्व. रतनचंद नामदेव की पुण्यतिथि मनाई

**जबलपुर।** जबलपुर एवं देश, प्रदेश के स्वधीनता आंदोलन में अपना योगदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मटका संगीत के जनक स्व. रतनचंद नामदेव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 10 सितम्बर को किया गया। उनके पुत्र स्व. सतीश नामदेव एडवोकेट/ नोटरी के निवास महाराष्ट्र हाई स्कूल के पास राइट टाउन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें कांग्रेस के दिनेश यादव, इंदौर से मप्र स्वतंत्रता संग्राम सैनिक एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण शितलानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष सतीश तिवारी, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, आलोक मिश्रा, झल्लेलाल जैन, राजकुमार गुप्ता सहित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में स्व. रतनचंद नामदेव की धर्मपत्नी मीराबाई नामदेव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उपस्थित अतिथियों ने स्व. रतनचंद नामदेव के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के वंशज एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता मनोज नामदेव, एड. शैलेष सतीश नामदेव, एड. योगेश नामदेव, पुरुषोत्तम, डॉ. सुरेन्द्र, भोजराज, सीताराम, सुशील, प्रमोद, अनूप, आशा नामदेव, निर्मला, सुजाता, मोना नामदेव, रामरतन नामदेव सहित कैलाश नामदेव, पत्रकार विनोद यादव, रमेश यादव, रवि गुप्ता, केशव प्रसाद चौरसिया, ओमप्रकाश जायसवाल, राम सोलंकी, प्रिंस सलूजा, पीयूष, राकेश चक्रवर्ती, विष्णु विनोदिया, सीमा तिवारी, पारो दुबे सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# डैज़लिंग दिवा क्लब की किटी पार्टी संपन्न

**जबलपुर।** जबलपुर के प्रतिष्ठित डैज़लिंग दिवा क्लब द्वारा एक भव्य थीमेटिक किटी पार्टी का आयोजन 09 सितम्बर को किया गया। कार्यक्रम की खास बात थी इसकी विविध वेशभूषा थीम, जिसमें भाग लेने वाली महिलाएं गांव की गोरी, मुगल कालीन शहजादियां, बचपन की यादें, बॉलीवुड डीवाज़ और रेट्रो लुक में नजर आईं। पार्टी में पारंपरिक गरबा ने जहां माहौल को सांस्कृतिक स्पर्श दिया, वहीं हल्के-फुल्के गेम्स और संगीत ने महिलाओं को गुदगुदाया और उत्साहित किया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया और कई ने मंच पर आकर अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। पार्टी के अंत में आयोजकों द्वारा विशेष वेशभूषा सम्मान भी प्रदान किए गए। इनमें अनारकली,



नूरजहां, जोधा अकबर जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों की झलक देने वाली महिलाओं को पुरस्कार दिए गए। क्लब की अध्यक्ष प्रियंका कल्चुरी अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य शहर की वर्किंग महिलाएं जो हस्बैंड के सपोर्ट के अलावा अलग से काम करती हैं, उनको प्लेटफॉर्म देना है। जो काम की दुनिया से बाहर आकर अपनी रचनात्मकता दिखा सकें और तनावमुक्त होकर एक-दूसरे से जुड़ें। इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब जबलपुर की महिलाएं साथ आती हैं, तो फैशन, संस्कृति और मनोरंजन एक अनूठे संगम में बदल जाते हैं। इस आयोजन में डैज़लिंग दिवा क्लब की अध्यक्ष प्रियंका कल्चुरी अग्रवाल, निर्देशक एनी मेकर, चेताली शाह, मेघा लांबा, ऋचा अग्रवाल, अलका जगवानी, ऋचा भांबरी, अंकिता मोहेबे, रितिका सदाना, विशेका मुकर आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में यामिनी अन्नू सिंह, राशि ग्रोवर, शनाया केशवनै, बिन्नी भसूर, सिमरन ग्रोवर, रिधिमा ग्रोवर, रुचिका, प्रतिभा जैन, नम्रता विश्वकर्मा, शिखा खटवानी, सीमा खटवानी आदि महिलाएं उपस्थित थीं।



## संदेश यादव हुए खेल रत्न से सम्मानित

**जबलपुर।** महाकौशल क्रीड़ा परिषद द्वारा प्रतिवर्ष खेल दिवस पर आयोजित समारोह में दिया जाने वाला महाकौशल खेल रत्न पुरस्कार इस वर्ष हॉकी में संदेश यादव को दिया गया। हॉकी इन्हें विरासत में मिली थी, आपके बड़े भाई अरुण यादव (लड्डू भैया), सुनील यादव, अनिल यादव व बहनें सरिता यादव व सुनीता यादव ने भी राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने प्रदेश को अविस्मरणीय सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय स्तर पर इतने पदकों को पाने वाले इस परिवार पर खेलधानी के समस्त खेल प्रेमियों को नाज है। इस अवसर पर अब्दुल, रॉबर्ट मार्टिन, ओंकार दुबे, राकेश श्रीवास, मीनुकान्त शर्मा, शशिरमन स्वामी आदि ने बधाई दी।

पुरूषार्थी गृह निर्माण सहकारी समिति की वार्षिक साधारण आम सभा की सूचना

**आम सूचना**

दिनांक 28/09/2025 दिन रविवार को प्रातः 11:00 बजे श्री हनुमान मंदिर परिसर, आदर्श नगर, नर्मदा रोड, जबलपुर में पुरुषार्थी गृह निर्माण सहकारी समिति की वार्षिक साधारण आम सभा आयोजित की जा रही है, सभी सदस्यों को इस संदर्भ में डाक द्वारा सूचना दी गयी है। उक्त सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है, जिन्हें सूचना प्राप्त नहीं हुई है वे समिति के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से भी प्राप्त कर सकते हैं। अतः सभी सदस्यों से निवेदन है कि आवश्यक रूप से समय पर आम सभा में उपस्थित रहें।

स्थान: जबलपुर दिनांक: 10/09/2025

**अनिल ग्रोवर (अध्यक्ष)**

पुरुषार्थी गृह निर्माण सहकारी समिति, जबलपुर

## पितरों के संदेश वाहक की हो रही खातिरदारी

**कौआ का खीर-पूड़ी से हो रहा सत्कार**

**जबलपुर।** 15 दिवसीय पितृपक्ष की आज गुरुवार को पंचमी तिथि है। इस तिथि में दिवंगत हुए पितरों का श्राद्ध-तर्पण और पिंडदान किया जाएगा। पितृपक्ष में पिंडों का दान करने से जहां माता-पिता के ऋण से मुक्ति मिलती है। वहीं देवलोक जा चुके पूर्वजों को मोक्ष मिलता है। पूर्वजों के लिए बनाए भोजन में एक हिस्सा धूर्त और चालाक कहे जाने वाले कौए के लिए भी निकाला जाता है। ऐसी मान्यता है कि कौआ पितरों का संदेश वाहक है। धर्म शास्त्र में भी यह उल्लेख मिलता है कि पूर्वजों की आत्मशांति के लिये भोजन के जो पांच हिस्से निकाले जाते हैं उसमें एक हिस्सा कौओं के लिए भी निकाला जाता है। कौओं को कराया गया भोजन पितरों को प्राप्त होता है। इसलिये पितृपक्ष में कौओं को आदर और सम्मान के साथ खीर में डुबोकर पूड़ी और अन्य व्यंजन परोसे जा रहे है। हालांकि कांक्रीट के इस जंगल वन और पर्यावरण का तेजी से दोहन हुआ है। पेड़-पौधे, बाग-बगीचे अब कम संख्या में ही कौए शहर में नजर आते हैं, लेकिन पुरातनकाल से चली आ रही इस परंपरा में आज भी पितृपक्ष के दौरान कौओं को आदर और सम्मान दिया जा रहा है।

## असाक्षरों को नव साक्षर करने चलाया जा रहा नवभारत-साक्षरता कार्यक्रम

जबलपुर।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अध्याय 21 प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने हेतु 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को नव साक्षर करने हेतु प्रदेश में उल्लास नवभारत-साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अंतर राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर साक्षरता कार्यक्रम से जुड़े जिला सह समन्वयक विकासखण्ड सह समन्वयक संकुल सह समन्वयक अक्षर साथी, अक्षर साथियों का एक सेमीनार आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में आयोजित किया गया जिसमें एक विकसित समाज में शिक्षा के महत्व को बताया गया तथा उत्कृट कार्य करने वाले जिला सह समन्वयक विकासखण्ड सह समन्वयक संकुल सह समन्वयक अक्षर साथी अक्षर साथियों को एक प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा एक साक्षरता रथ को जिला प्रौढ शिक्षा



अधिकारी अंजनी सेलट द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, जो शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमाण कर शिक्षा के महत्व का प्रचार प्रसार करेगा तथा पहुंचकर जनजागरण करेगा। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 20 सितम्बर 2025 को मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा में अधिक से अधिक संख्या में नव साक्षरों को शामिल होने की प्रेरणा भी देगा। इस अवर पर अजय दुबे प्राचार्य डाइट जबलपुर, अंजनी सेलट जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी, योगेश शर्मा डी.पी.सी जबलपुर, सुनील शर्मा, योगेश नन्दन द्विवेदी प्राध्यापक डाइट जबलपुर, दीपक पटैल जिला सह समन्वयक साक्षरता, केशव दुबे, जगत पटैल, अमृता कोरी, नेतराम झारिया, बिन्दु गुप्ता, भास्कर गुप्ता, श्यामराव माण्डलेकर, विनोद पटैल विकासखण्ड सह समन्वयक साक्षारता आदि उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 15678136A RANK HAV NAME RAVINDRA TIWARI S/O JANARDHAN TIWARI OF UNIT HQ 1 STC, 2 TTR, JABALPUR (MP) I, have changed name of my DAUGHTER from SHAKSHI (Name as per my Army service records)) to SAKSHI TIWARI (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD) vide affidavit dated 03/07/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-SAKSHI TIWARI
INCORRECT NAME-SHAKSHI

**नाम सुधार सूचना**

मै, रूपेश छेत्री पिता श्री चक्र बहादुर उम्र लगभग 54 वर्ष निवासी 1090, शीतलामाई वार्ड, साधूराम का बाड़ा, घमापुर जबलपुर शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि, मै उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ। मेरा नाम रूपेश छेत्री है तथा मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम रूपेश छेत्री दर्ज है। किन्तु मेरी 10वी की अंकसूची में मेरा नाम रूपेश कुमार दर्ज है। रूपेश छेत्री एवं रूपेश कुमार दोनो एक ही व्यक्ति जो मैं स्वयं हूँ जिस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ। **शपथकर्ता**

**आम सूचना**

आवेदक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा नेपियर टाउन, जबलपुर की ओर से प्राधिकृत अधिकारी श्री माधव चन्द्र झा द्वारा बैंक के अधिकृत श्री आनंद कुमार चौबे के माध्यम से अनावेदक मेसर्स ओम किएशन, प्रो. लखन लाल काछी पिता श्री कोमल प्रसाद काछी, निवासी- 842/2 (पटेल नगर) सुमन नगर, खिड़ई पोस्ट- महाराजपुर, जिला जबलपुर म.प्र. के विरुद्ध वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है। आवेदक बैंक के पक्ष में प्रतिभूति के रूप में रखी गई संपत्ति, साम्य बंधक भूमि/भवन: एक मंजिला आवासीय भवन, मौजा खिड़ई नं. ब. 402, मकान नं. 16/55 खसरा नं. 278/5 का हिस्सा, प्राईवेट प्लॉट नं. 4, 5, 6 राजस्व निरीक्षक मंडल महाराजपुर न्यू वार्ड नं. 77 तहसील पनागर जिला जबलपुर रकबा 3860 का 2280 वर्गफुट संपत्ति/भवन स्वामी लखन लाल काछी पिता कोमल प्रसाद काछी, जिसकी चतुर्सीमा उत्तर- विक्रेता का प्लाट, दक्षिण- श्रीमति अनीता काछी, पूर्व- 14 फीट चौड़ा रोड, पश्चिम- साइड रोड, का आधिपत्य प्राप्त कर आवेदक बैंक को प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर इस न्यायालय में प्रचलित कार्यवाही के संबंध में यदि अनावेदक अथवा किसी अन्य पक्ष द्वारा सक्षम न्यायालय से स्थगन प्राप्त किया गया हो तो वह स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर सूचना जारी होने के 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर न्यायालय अतिरिक्त जिला जबलपुर (कलेक्टोरेट परिसर कक्ष क्रमांक 12) में स्थगन आदेश की सत्यप्रतिलिपि के साथ लिखित पक्ष पेश कर सकता है। किसी के भी द्वारा समाधानकारक सक्षम न्यायालय का आदेश पेश नहीं करने या अनुपस्थित रहने की स्थिति में निर्धारित समयावधि के पश्चात अधिनियम 2002 की धारा 14 (1) (क) एवं (ख) के तहत आस्ति का आधिपत्य प्राप्त कर आवेदक बैंक को प्रदान कराने का आदेश दिया जावेगा।

पेशी दिनांक - 26/09/2025